75 Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

23/06/2023 अखिल भारतीय

भारतीय जीवन बीमा निगम ने नई योजना एलआईसी की धन वृद्धि (योजना 869) प्रस्तुत की

भारतीय जीवन बीमा निगम ने 23.06.2023 से एक नई योजना, एलआईसी की धन वृद्धि प्रस्तुत की । यह एक क्लोज एंडेड योजना है और 23.06.2023 से 30.09.2023 तक बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी। एलआईसी की धन वृद्धि योजना के लिए विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) 512N362V01 है।

एलआईसी की धन वृद्धि एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, एकल प्रीमियम जीवन बीमा योजना है जो सुरक्षा और बचत का संयोजन प्रदान करती है। यह योजना पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह बीमित व्यक्ति को परिपक्वता की तिथि पर एकमुश्त राशि की गारंटी भी प्रदान करती है। एकल प्रीमियम योजना होने के कारण भविष्य में कोई प्रीमियम दायित्व नहीं है और कालातीत भी नहीं होगी ।

प्रस्तावक के पास चुनने के लिए दो विकल्प होंगे जहां "मृत्यु पर बीमा राशि" कुछ पात्रता शर्तों के अधीन चुनी गई मूल बीमा राशि के लिए सारणीबद्ध प्रीमियम का 1.25 गुना(ऑप्शन 1) या 10 गुना (ऑप्शन 2) हो सकती है। यह योजना 10, 15 या 18 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध है। प्रवेश के समय न्यूनतम आयु चयनित अवधि के आधार पर 90 दिन से 8 वर्ष तक होती है। प्रवेश की अधिकतम आयु चयनित अवधि और विकल्प के आधार पर 32 वर्ष से 60 वर्ष तक होती है। न्यूनतम मूल बीमा राशि रु. 1,25,000/- है और रु. 5000/- के गुणकों में इससे अधिक का विकल्प चुना जा सकता है।

बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर, पॉलिसी अवधि के दौरान जोखिम शुरू होने की तारीख के बाद लेकिन परिपक्वता की निर्धारित तिथि से पहले देय राशि "मृत्यु पर बीमा राशि" के साथ-साथ अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धियां देय होगी।

बीमित व्यक्ति के परिपक्वता की निर्धारित तिथि तक जीवित रहने पर, "मूल बीमा राशि" के साथ
अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धियां देय होगी।

गारंटीकृत अभिवृद्धियां पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होगी। चुने गए विकल्प, मूल बीमा राशि और पॉलिसी अवधि के आधार पर गारंटीकृत अभिवृद्धियां रु 60/- से रु75/- (ऑप्शन 1) तथा रु. 25/- से रु. 40/- (ऑप्शन 2) प्रति 1000/- मूल बीमा राशि होती है। उच्च बीमा राशि के लिए गारंटीकृत अभिवृद्धियां अधिक होती है।

एलआईसी का दुर्घटना मृत्यु और विकलांगता लाभ राइडर तथा एलआईसी का नया टर्म एश्योरेंस राइडर उपलब्ध है,यदि विकल्प चुना जाता है। 5 वर्षों के लिए मासिक/त्रैमासिक/अर्धवार्षिक/वार्षिक अंतराल में दावा प्राप्त करने के लिए परिपक्वता/मृत्यु पर निपटान विकल्प उपलब्ध है। यह योजना ऋण सुविधा के माध्यम से नकदीकरण की सहायता प्रदान करती है जो पॉलिसी पूरी होने के 3 महीने बाद से उपलब्ध होती है।

इस योजना को पॉइंट ऑफ सेल्स पर्सन्स-लाइफ इंश्योरेंस (पीओएसपी-एलआई) /कॉमन पब्लिक सर्विस सेंटर्स (सीपीएससी-एसपीवी) सहित एजेंट/अन्य मध्यस्थों के माध्यम से नियम व शर्तों के अधीन ऑफ़लाइन और साथ ही वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है|

दिनांक :- 23 जून 2023, मुंबई।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई, ईमेल :ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट करें

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। जबकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी आसानी से स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके ऊपर है।